<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मालीगांव में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मालीगांव 4 मई, 2018:

पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन, मालीगांव की मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक/निर्माण की अध्यक्षता में 4 मई, 2018 को 15.30 बजे आयोजित की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन श्री रवि भूषण, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि. एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. ने किया।

बैठक का शुभारंभ श्री अजय कुमार, मुख्य इंजीनियर/नि.-2 एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी (नि.) ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए किया। श्री कुमार ने कहा कि राजभाषा विभाग की ओर से एक “राजभाषा कार्यालयीन संग्रह” नामक पुस्तक का प्रकाशन किया गया है उम्मीद है कि यह पुस्तक हमारे संगठन में राजभाषा के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री कुमार ने आगे कहा कि निर्माण संगठन के विभिन्न फील्ड यूनिटों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य-योजना के अनुरूप क्रमश: उप मुख्य इंजीनियर/नि/लमडिंग, उप मुख्य इंजीनियर/ नि/डिब्रूगढ़ एवं उप मुख्य इंजीनियर/नि/सिलापथार के कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री एन. के. प्रसाद, महाप्रबंधक (निर्माण) महोदय ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि यह बैठक हर तिमाही में आयोजित की जाती है। यह बैठक हमारे संगठन को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में आने वाली कठिनाईयों और उन्हें दूर करने के उपायों की समीक्षा करने का मौका प्रदान करती है। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि इस बैठक में बराबर भाग लें और अपने-अपने विभागों में ज्यादा से ज्यादा काम हिंदी में करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। श्री प्रसाद ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा के उचित कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग की ओर से “राजभाषा कार्यालयीन संग्रह” नामक पुस्तक का प्रकाशन करवाया गया है जो कि हमारे संगठन के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए दिन प्रति दिन के हिंदी कामकाज में सहायक सिद्ध होगा।

श्री प्रसाद ने आगे कहा कि राजभाषा के रूप में हिन्दी के विकास, प्रचार और प्रयोग में पर्याप्त वृद्धि अवश्य हुई है। राजभाषा अधिनियम धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागजातों को द्विभाषी रूप में जारी किया जाए। इस पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि कागजात हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी ही जारी किया जा रहा है।

इस बैठक में गूगल वॉयस टाइपिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया था और साथ ही विभिन्न विभागों में हो रहे हिंदी कामकाज से संबंधित फाइलों की एक छोटी ''राजभाषा प्रदर्शनी'' भी लगाई गई थी। इस अवसर पर फाइलों का निरीक्षण करने के पश्चात महाप्रबंधक/निर्माण महोदय ने हिंदी में सबसे ज्यादा नोटिंग लिखने वाले कर्मचारी को 2500 रूपए की नकद राशि पुरस्कार देने की भी घोषणा की। तत्पश्चात श्रीमती मुन मुन शर्मा, राजभाषा अधिकारी/निर्माण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

(एस. के. ओझा)
वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी/निर्माण
पूर्वोत्तर सीमा रेल, मालीगांव

दिनांक 4.5.2018 को आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री एन. के. प्रसाद,महाप्रबंधक (निर्माण) एवं अन्य अधिकारीगण।